YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

संडे नवभारत टाइम्स

। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 6 फरवरी 2022

बच्चों के वैक्सीनेशन में साउथ वेस्ट और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली टॉप पर

सरकारी स्कूलों के 95% को, प्राइवेट के 62% बच्चों को लगी पहली डोज

Bhupender.Sharma
@timesgroup.com

■ दिल्ली में 7 फरवरी से सीनियर क्लासेज के स्कूल खुल रहे हैं। स्कूलों के बारे में फैसला लेने से पहले डीडीएमए की बैठक में बच्चों के टीकाकरण अभियान की रिपोर्ट भी रखी गई, जिसके बाद सीनियर और जूनियर क्लासेज के स्कूल खोलने का फैसला लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 15-18 साल तक के 82 प्रतिशत (8.33 लाख) बच्चों को वैक्सीन की पहली डोज लग गई है और अब बच्चों को दूसरी डोज लगनी भी शुरू हो गई है। 0.39 लाख बच्चों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 95 प्रतिशत स्टूडेंट्स को वैक्सीन की एक डोज लग गई है।

सरकारी स्कूल आगे

रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 95 प्रतिशत स्टूडेंट्स को टीका लग चुका है। प्राइवेट स्कूल टीकाकरण अभियान में कुछ पीछे नजर आ रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों के 62 फीसदी स्टूडेंट्स को अभी तक टीका लगा है। अब स्कूल खुलने जा रहे हैं और ऐसे में बैठक में सभी एलिजिबल बच्चों को जल्द से जल्द वैक्सीन लगाए जाने पर जोर दिया गया है। स्कूलों को कहा गया है कि वे अपने-अपने स्टूडेंट्स को वैक्सीन लेने को लेकर जागरूक करें, ताकि सभी बच्चों को वैक्सीन लगाई जा सके। स्कूलों का कहना है कि बच्चों और उनके पैरंट्स से नियमित रूप से संपर्क किया जा रहा है। एम.एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि स्टूडेंट्स और उनके पैरंट्स से संपर्क किया जा रहा है और सबको कहा जा रहा है कि वे वैक्सीनेशन को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सीनियर क्लासेज के काफी स्टूडेंट्स ने टीका लगवा लिया है। पहले चरण में 9वीं से 12वीं क्लास तक के स्टूडेंट्स के लिए स्कूल खुलेंगे।

कोविड से जंग

- नई दिल्ली जिले में सबसे कम बच्चों का वैक्सीनेशन हुआ है
- साउथ वेस्ट जिले में सबसे ज्यादा 112521 बच्चों को वैक्सीन लगाई गई है

जिलों में वैक्सीनेशन

15-18 साल तक के बच्चों के लिए 3 जनवरी से वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया गया था और जनवरी में साउथ वेस्ट दिल्ली और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली टॉप पर रहे हैं। नई दिल्ली जिले में सबसे कम वैक्सीनेशन हुआ है। साउथ वेस्ट जिले में सबसे ज्यादा 112521 बच्चों को वैक्सीन लगाई गई है। नई दिल्ली जिले में सबसे कम 49631 बच्चों को वैक्सीन लगी है। नॉर्थ वेस्ट दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जहां पर 108799 बच्चों को वैक्सीन लगी है। वेस्ट दिल्ली में 84958 और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में 82689 बच्चों को टीका लगा है। साउथ ईस्ट दिल्ली में 77586, ईस्ट दिल्ली में 73297, नॉर्थ दिल्ली में 72323 बच्चों को टीका लगाया गया है। साउथ दिल्ली में 58552, शाहदरा में 58460, सेंट्रल दिल्ली जिले में 53776 बच्चो को टीका लगाया गया है। सभी जिलों में अब बच्चों को सेकंड डोज लगनी भी शुरू हो गई है। बच्चों को सेकंड डोज भी लगनी शुरू हो गई है। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में सबसे ज्यादा 11494 बच्चों को सेकंड डोज लगी है। साउथ वेस्ट दिल्ली मे 5716 बच्चों को सेकंड डोज दी गई है। दिल्ली सरकार के हर स्कूल में वैक्सीनेशन के लिए नोडल इंचार्ज नियुक्त किया गया था।